nt>
Title: Requests the Central Government to take steps to stop smuggling at Janpad Khiri, Uttar Pradesh connecting Nepal border.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के जनपद खीरी की उत्तरी सीमा नेपाल से मिलती है, उस पर तस्करों का साम्राज्य हो गया है। इस कार्य में क्षेत्र के बेरोजगार लड़के, भ्रष्ट पुलिस कर्मचारी और भ्रष्ट राजनीतिज्ञ लोग लगे हुए हैं। हर वर्ष लाखों रुपये का कारोबार वहां अवैध तरीके से सम्पादित किया जा रहा है। इससे देश की सुरक्षा सम्बन्धी मामलों को गम्भीर खतरा पैदा हो गया है। तस्करों तथा विदेशी गुप्तचरों की मिलीभगत अब कोई छिपा हुआ तथ्य नहीं है। कई बार अवैध शस्त्रों का जखीरा भी सीमा पर पकड़ा गया है।

खेद का विषय है कि जनपद खीरी की पूरी प्रशासनिक मशीनरी को राज्य सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा प्रभावित किया जा रहा है, जिससे तस्करों और राष्ट्र ि वरोधी शक्तियों को खुला संरक्षण मिल रहा है। मेरी सरकार से अपेक्षा है कि तत्काल इस सम्बन्ध में प्रभावी कदम उठाये तथा तस्करी रोकने का व्यापक प्रबन्ध करे। धन्यवाद।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : नाम लिस्ट में पढ़ने से जिस तरह आपका नाम आयेगा, मैं आपको बुलाऊंगा। पहले सारी गड़बड़ हो गई है।